माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 2036/गोपनीय/एम0एस0यू0/2023–24 दिनांकः 20/05/24

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

विषय :– विषम सेमेस्टर दिसंबर 2023 स्नातक(पंचम सेमेस्टर)/परास्नातक (प्रथम सेमेस्टर) पाठ्यक्रम के प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण के अंक ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड तथा अंकपर्ण की हॉर्डकापी विश्वविद्यालय में जमा कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जैसा कि आप अवगत है कि विश्वविद्यालय की स्नातक (पंचम सेमेस्टर)/परास्नातक (प्रथम सेमेस्टर) पाठ्यक्रम के विषम सेमेस्टर दिसंबर 2023 के प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण सम्पन्न कराकर अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर हॉर्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा कराने के लिये निदेशित किया गया था, किन्तु यह संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा अपने विद्यार्थी के विषम सेमेस्टर दिसंबर 2023 के प्रोजेक्ट के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर हॉर्डकॉपी विश्वविद्यालय मे जमा नहीं की है।

अतः उक्त के अनुपालन में समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान को निदेशित किया जाता कि विश्वविद्यालय की स्नातक(पंचम सेमेस्टर)/परास्नातक (प्रथम सेमेस्टर) पाठ्यक्रम के विषम सेमेस्टर दिसंबर 2023 के प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण के अंक प्रत्येक दशा में दिनांक 21.05.2024 तक अपलोड करते हुये अंकपर्ण की हॉर्डकॉपी दो प्रतियों में विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में तत्काल जमा कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में जिन महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण के अंकपर्ण विश्वविद्यालय जमा नहीं किये जाते हैं, ऐसी दशा में विश्वविद्यालय द्वारा उन महाविद्यालयों का परीक्षाफल रोककर शेष महाविद्यालयो का परीक्षाफल घोषित कर दिया जायेगा, जिन महाविद्यालयों का परीक्षा रूकेगा उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य का होगा।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ :–

1. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी।

परीक्षा नियंत्रक